This is a digitally signed Gazette, to verify click here.
http://rajpatrahimachal.nic.in

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

मंगलवार, 18 नवम्बर, 2025 / 27 कार्तिक, 1947

हिमाचल प्रदेश सरकार

राजस्व विभाग

अधिसूचना

शिमला–2, 07 नवम्बर, 2025

संख्याः रैव–बी–ए0(03) / 10 / 2023.––हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश भू–राजस्व अधिनियम, 1954 की धारा 18 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राजस्व अधिकारियों और ग्राम

अधिकारी की नियुक्ति, कर्त्तव्यों, परिलब्धियों और दण्ड की प्रक्रिया को विनियमित करने हेतु निम्नलिखित नियम बनाने का प्रस्ताव करते हैं और उन्हें जन साधारण की सूचना हेतु पूर्वोक्त अधिनियम की धारा 169 की अपेक्षानुसार एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है;

इन नियमों से संभाव्य प्रभावित होने वाले किसी व्यक्ति के इन नियमों की बाबत यदि कोई आक्षेप या सुझाव है / हैं तो वह उसे राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में प्रकाशन की तारीख से पन्द्रह दिन की अवधि के भीतर राज्य सरकार को भेज सकेगा;

उपरोक्त विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर प्राप्त हुए आक्षेप(पों) या सुझाव(वों) यदि कोई है / हैं पर उक्त नियमों को अन्तिम रूप देने से पूर्व राज्य सरकार द्वारा विचार किया जाएगा, अर्थात्:–

भाग–I

संक्षिप्त नाम और परिभाषाएं

1. **संक्षिप्त नाम एवं प्रारंभ.**––(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश राजस्व अधिकारियों और ग्राम अधिकारी की नियुक्ति, कर्त्तव्यों परिलब्धियों और दण्ड की प्रक्रिया का विनियमन नियम, 2015 है।

(2) ये नियम हिमाचल प्रदेश राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में उनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं.** ––(1) इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,––

(क) "अधिनियम" से हिमाचल प्रदेश भू–राजस्व अधिनियम, 1954 (1954 का अधिनियम संख्यांक 6) अभिप्रेत है;

(ख) "मामले" से किसी अधिनियम के अधीन मामला या कार्यवाहियां अभिप्रेत हैं;

(ग) "न्यायालय फीस" से हिमाचल प्रदेश न्यायालय फीस अधिनियम, 1986 के अधीन प्रभार्य फीस और समय–समय पर सरकार द्वारा अधिसूचित सेवा प्रभार से अभिप्रेत है;

(घ) ''कलक्टर'' से सम्बद्ध जिले का कलक्टर अभिप्रेत है और जिसमें उप–मण्डल कलक्टर भी सम्मिलित होगा;

(ङ) "इलेक्ट्रॉनिक संदेश सेवा" से मेल, सूक्ष्म संदेश सेवा, व्हाट्सऐप या ऐसे इलेक्ट्रानिक माध्यम द्वारा, जैसा कि राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अनुज्ञात किया जाए, संदेश दिया जाना अभिप्रेत है;

(च) ''प्ररूप'' से इन नियमों से संलग्न प्ररूप अभिप्रेत है;

(छ) ''सरकार'' से हिमाचल प्रदेश सरकार अभिप्रेत है;

(ज) ''लोक सेवा केन्द्र'' से लागू विधि के अंतर्गत सेवा प्रदान करने के लिए आवेदन प्राप्त करने हेतु राज्य सरकार द्वारा स्थापित या प्राधिकृत केंद्र अभिप्रेत है;

(झ) "अवयस्क" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसने भारतीय वयस्कता एक्ट, 1875 (1875 का अधिनियम संख्यांक 6) की धारा 3 के अर्थान्तर्गत में वयस्कता प्राप्त नहीं की है;

(ञ) "आदेशिक फीस" से समन व नोटिस की तामील के व्यय की पूर्ति हेतु प्रभार्य फीस अभिप्रेत है;

(ट) "राजस्व न्यायालय मामला प्रबंधन प्रणाली" से इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली अभिप्रेत है जिसे राज्य सरकार द्वारा राजस्व अधिकारियों के माध्यम से मामलों की देख–रेख व निपटान के प्रबंधन के लिए स्थापित किया गया है।

(ठ) ''धारा' से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है;

(ड) "सेवा प्रभार" से राजस्व न्यायालय मामला प्रबंधन प्रणाली के सुचारू संचालन के लिए स्थापित इलेक्ट्रॉनिक अवसंरचना सहित प्रणाली की परिचालन और रखरखाव लागत को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा अधिसूचित प्रभार अभिप्रेत है।

(2) उन शब्दों और पदों के, जो इन नियमों में प्रयुक्त हैं किन्तु परिभाषित नहीं हैं, वहीं अर्थ होंगे जो अधिनियम में क्रमशः उनके हैं।

भाग–II
मामले का रजिस्ट्रीकरण

3. मूल आवेदन.––अधिनियम के अंतर्गत प्रारम्भिक कार्यवाही को आरंभ करने के लिए फाइल किए गए किसी आवेदन को 'मूल आवेदन' ही माना जाएगा।

4. राजस्व अधिकारी द्वारा संज्ञान.––(1) कोई मूल आवेदन केवल उसी राजस्व अधिकारी द्वारा ग्रहण किया जाएगा और उस पर संज्ञान लिया जाएगा, जो इसे निपटाने के लिए सक्षम हो।

(2) यदि कोई मूल आवेदन इन नियमों के अनुसार प्रस्तुत नहीं किया गया है, तो उसे समुचित राजस्व अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु वापिस किया जा सकेगा।

5. मूल आवेदन की प्रस्तुति का समय और दिन.––वादपत्र अथवा आवेदन प्रत्येक ऐसे दिवस को, जो अधिकृत अवकाश न हो, कार्यालय समय में स्वीकार किए जाएंगे। ये आवेदन किसी भी दिन, समय अथवा स्थान से ऑनलाइन राजस्व अधिकारी को प्रस्तुत किए जा सकेंगे। तथापि, यदि ऐसा आवेदन सार्वजनिक अवकाश के दिन प्रस्तुत किया गया हो, तो परिसीमा की गणना के प्रयोजन हेतु उसे अगले कार्य दिवस में प्रस्तुत माना जाएगा।

6. राजस्व अधिकारी के समक्ष मूल आवेदन की प्रस्तुति.––(1) मूल आवेदन, जहां अधिनियम या तत्समय प्रवृत्त किसी विधि द्वारा अन्यथा विशेष रूप से उपबंधित हो, उसे छोड़कर, पक्षकार स्वयं या उसके प्राधिकृत अभिकर्ता या अर्हित विधि–व्यवसायी द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

(2) मूल आवेदन राजस्व अधिकारी को या उस अधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा जिसे वह इस निमित्त नियुक्त करे। ऐसे मूल आवेदन को प्राप्त करने वाला अधिकारी उस पर हस्ताक्षर और तारीख पृष्ठांकित करेगा तथा आवेदन प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति का नाम कथन करते हुए और यदि मूल आवेदन उसके मुख्यालय के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान पर प्राप्त हुआ हो तो ऐसे स्थान का नाम भी पृष्ठांकित करेगा।

(3) मूल आवेदन राजस्व अधिकारी को ऑनलाइन, व्यक्तिगत रूप से अथवा लोक मित्र केंद्र के माध्यम से, राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किए गए निदेशों तथा हिमाचल प्रदेश में न्यायालय मामलों की ऑनलाइन फाइलिंग और प्रकमण नियम, 2025 के अनुसार, राजस्व न्यायालय प्रकरण प्रबंधन प्रणाली पर प्रस्तुत किया जा सकेगा।

7. आवेदन की परीक्षा.—आवेदन की प्रस्तुति अथवा प्राप्ति पर निम्नलिखित बिंदुओं की परीक्षा राजस्व अधिकारी अथवा इस निमित्त सशक्त अधिकारी द्वारा किया जाएगाः—

(i) उस न्यायालय का नाम जिसको आवेदन प्रस्तुत किया गया है और सभी पक्षकारों के नाम और पूर्ण पता।

(ii) विधि के उपबंध जिसके अंतर्गत यह आवेदन प्रस्तुत किया गया है

(iii) राजस्व अधिकारी की अधिकारिता

(iv) क्या लागू केस फीस को विहित रीति में संदत्त किया गया हैं या नहीं

(v) यदि परिसीमा लागू हो, तो आवेदन परिसीमा काल के भीतर प्रस्तुत किया गया है या नहीं।

(vi) क्या समस्त अपेक्षित दस्तावेज आवेदन या याचिका से संलग्न हैं और विहित प्ररूप में सूचीबद्ध द्वारा सहगत तथा क्रम में हैं।

(vii) क्या अपील या पनुर्विलोकन के मामले में आक्षेप या पनुर्विलोकन के अधीन आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न है या नहीं।

(viii) क्या वाद का कोई भी पक्षकार अवयस्क है और यदि ऐसा है, तो क्या उसका उचित तौर पर प्रतिनिधित्व किया गया है या नहीं।

(ix) क्या, यथास्थिति, आवेदन, याचिका या अपील पढ़ा जाने योग्य है और सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित या सत्यापित है।

(x) क्या आवेदन के साथ—साथ दस्तावेज विरोधी पक्षकार को प्रदान करवाने हेतु पर्याप्त संख्या में है या नहीं।

8. मामले का रजिस्ट्रीकरण.—(1) प्रत्येक मूल आवेदन, जो नियम 6 के अधीन प्रस्तुत किया गया हो, को यथाशक्य शीघ्र राजस्व न्यायालय मामले प्रबंधन प्रणाली में एक वाद के रूप में रजिस्ट्रीकृत किया जाएगा, यदि पीठासीन अधिकारी का समाधान हो गया हो कि आवेदन नियम 7 में वर्णित सभी आवश्यक औपचारिकताओं एवं शर्तों की दृष्टि से विधिवत रूप से व्यवस्थित है।

9. सुनवाई के लिए तारीख.——(1) मामला रजिस्ट्रीकृत हो जाने के पश्चात्, मामले की सुनवाई के लिए एक तारीख नियत की जाएगी और उक्त तारीख, आवेदन प्रस्तुत होने के 15 दिन के अपश्चात् की नहीं होगी तथा आवेदक को ऐसी तारीख दर्शाते हुए एक पावती जारी की जाएगी। साथ ही, यथास्थिति, विरोधी पक्ष को समन या नोटिस जारी किया जाएगा, जिसमें निर्धारित तारीख पर सुनवाई के लिए विरोधी पक्ष को बुलाने हेतु आवेदन की एक प्रति भी सम्मिलित होगी।

(2) नियम 6 के अधीन राजस्व अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गई या राजस्व न्यायालय प्रकरण प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से प्राप्त मूल आवेदन की प्राप्ति, प्ररूप 1 में स्वीकार की जाएगी।

10. राजस्व न्यायालय के आदेशों पर मामले का रजिस्ट्रीकरण.——राजस्व अधिकारी, किसी आदेश या वरिष्ठ राजस्व अधिकारी के प्रतिवेदन के प्राप्त होने पर या स्वप्रेरणा से राजस्व न्यायालय मामले प्रबंधन प्रणाली में मामला दर्ज करने का आदेश दे सकेगा।

भाग–III

समन, सूचना, उद्घोषणा

11. समन जारी करने का प्ररूप और रीति.–(1) राजस्व अधिकारी समन जारी करने का कारण निर्धारित करेगा और समन में तदनुसार निर्देश दिया जाएगा।

(2) भौतिक रूप से जारी किया गया प्रत्येक समन दो प्रतियों में होगा और पीठासीन अधिकारी द्वारा स्वयं या उसके द्वारा अपनी ओर से अधिकृत किसी ऐसे अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित होगा, जो उसके कार्यालय के अधीक्षक के पद से नीचे का नहीं होगा। यदि पीठासीन अधिकारी किसी अधिकारी को अपनी ओर से समन जारी करने के लिए अधिकृत करता है, तो समन पर ऐसे व्यक्ति द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर किए जा सकते हैं और ऐसी प्राधिकारिता को समन में निर्दिष्ट किया जाएगा। समन पर राजस्व अधिकारी की मुहर लगाई जाएगी।

(3) इलेक्ट्रॉनिक संदेश के माध्यम से जारी किए जाने वाले प्रत्येक समन पर उसे जारी करने वाले राजस्व अधिकारी या उसके द्वारा अपनी ओर से अधिकृत किए गए किसी व्यक्ति द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर किए जाएँगे, जो उसके कार्यालय के अधीक्षक के पद से नीचे का नहीं होगा। यदि राजस्व अधिकारी किसी अधिकारी को अपनी ओर से इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से समन जारी करने के लिए प्राधिकृत करता है, तो समन पर ऐसे व्यक्ति द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर किए जा सकेंगे और ऐसे प्राधिकृत को समन में निर्दिष्ट किया जाएगा। राजस्व अधिकारी की मुहर सरकार द्वारा निर्दिष्ट तरीके से समन पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से लगाई जाएगी।

(4) प्रत्येक समन में पंजीकरण संख्या, शीर्षक, मामले का संक्षिप्त विवरण, सुनवाई का उद्देश्य, वह समय और स्थान जहां समन किए गए व्यक्ति को उपस्थित होना आवश्यक है, निर्दिष्ट किया जाएगा और आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन की एक प्रति समन के साथ संलग्न की जाएगी।

(5) इस नियम के अंतर्गत राजस्व अधिकारी द्वारा प्ररूप–II में समन जारी किया जा सकेगा, तथापि, समन के प्रारूप में ऐसे संशोधन किया जा सकेगा जैसा राजस्व अधिकारी उचित समझे।

13. दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु समन.––(1) दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिये समन किन्हीं विनिर्दिष्ट दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिये या किसी वर्णन के उन समस्त दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिये हो सकेगा जो समन किये गये व्यक्ति के कब्जे या शक्ति में हों।

(2) केवल दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिये ही समन किया गया व्यक्ति यदि उसे प्रस्तुत करने के लिये स्वयं उपस्थित होने के बदले ऐसा दस्तावेज प्रस्तुत करवा देता है तो उसके बारे मेंयह समझा जाएगा कि उसने समन का अनुपालन कर दिया है।

(3) इस नियम के अंतर्गत राजस्व अधिकारी द्वारा प्ररूप–III में समन जारी किया जा सकेगा, तथापि, राजस्व अधिकारी द्वारा उचित समझे जाने पर समन के प्रारूप में संशोधन किया जा सकेगा।

14. किसी पक्षकार के माध्यम से समन की तामील.–(1) राजस्व अधिकारी नियम 12 के अधीन समन की तामील करवाने के अतिरिक्त, किसी पक्षकार के आवेदन पर, ऐसे पक्षकार को उसके व्यय पर समन तामील करने के लिए परिदत्त कर सकेगा।

(2) ऐसे समन की तामील ऐसे पक्षकार द्वारा या उसकी ओर से, समन किये गये व्यक्ति को समन की एक प्रति व्यक्तिगत रूप से परिदत्त कर या निविदत्त करके की जाएगी या तामील की पद्धतियों में से किसी पद्धति से की जाएगी।

15. समन के बदले पत्र भेजना.––(1) राजस्व अधिकारी जहां वह उचित समझे, समन किए गए व्यक्ति को समन के बदले अपने हस्ताक्षर से पत्र भेज सकेगा।

(2) उप–नियम (1) के अधीन भेजे गए पत्र में वे सब विशिष्टियां अन्तर्विष्ट होगीं जिनका समन में कथित होना अपेक्षित है और उपनियम (3) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए वह सभी प्रकार से समन माना जाएगा।

(3) ऐसा पत्र समन किए गए व्यक्ति को डाक द्वारा या विशेष वाहक द्वारा या किसी ऐसी अन्य रीति से जिसे राजस्व अधिकारी उचित समझे, भेजा जा सकेगा और जहां समन किए गए व्यक्ति का ऐसा मान्यताप्राप्त अभिकर्ता हो जो तामील प्रतिगृहीत करने के लिए सशक्त है वहां वह पत्र ऐसे मान्यताप्राप्त अभिकर्ता को परिदत्त किया जा सकेगा या भेजा जा सकेगा।

16. समन किए गए व्यक्ति का कर्त्तव्य.––अधिनियम के उपबंधों के अध्यधीन जो व्यक्ति साक्ष्य देने या किसी अन्य प्रयोजन के लिए किसी राजस्व अधिकारी के समक्ष उपसंजात होने के लिए समन किया जाता है, वह उस प्रयोजन के लिए समन में नामित समय एवं स्थान पर उपस्थित होगा और जो व्यक्ति दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए समन किया जाता है वह ऐसे समय तथा स्थान पर या तो उसे प्रस्तुत करने के लिए उपस्थित होगा या उसे प्रस्तुत करवाएगा, ऐसा न करने पर राजस्व अधिकारी उस पर एक हजार रुपये से अनधिक का खर्च अधिरोपित कर सकेगा।

17. राजस्व अधिकारी समन के तामील की संतुष्टि अभिलिखित करेगा.––जब कभी भी इन नियमों के अधीन समन जारी किया गया है, राजस्व अधिकारी समन किए गए व्यक्ति के विरुद्ध कोई प्रतिकूल कार्यवाही करने से पूर्व स्वयं की संतुष्टि करेगा कि समन इन नियमों में विहित किसी एक या अधिक ढंग से उचित रूप से तामील किया गया था और अपनी संतुष्टि अभिलिखित करेगा।

18. सूचना तामील करने का ढंग.–समस्त सूचनाएं, जो किसी व्यक्ति को अधिनियम द्वारा या उसके अधीन दी जानी या तामील की जानी अपेक्षित हैं, समन की तामील के लिए उपबंधित रीति में जारी और तामील की जाएंगी।

19. उद्घोषणा जारी करने का ढंग.–(1) जब कभी इस अधिनियम के अधीन कोई उद्घोषणा जारी की जाती है, तो उसकी प्रतियां उसे जारी करने वाले राजस्व अधिकारी के कार्यालय तथा उस तहसील, जिसके भीतर उद्घोषणा से सम्बन्धित भूमि स्थित है, के कार्यालय तथा उस स्थानीय निकाय, जिसके भीतर उद्घोषणा से सम्बन्धित भूमि स्थित है, के कार्यालय के सूचना पटलों पर लगाई जाएगी और उस उद्घोषणा में संदर्भित भूमि पर या उसके समीप किसी लोक समागम के स्थान पर प्रदर्शित की जाएगी।

(2) उद्घोषणा जारी करने वाला राजस्व अधिकारी, यदि वह ठीक समझे उद्घोषणा को, उस भूमि पर या उसके निकट जिसे वह संदर्भित करती है, डोंडी पिटवा कर प्रकाशित कराएगा।

(3) किसी पक्षकार के निवेदन और व्यय पर, उद्घोषणा जारी करने वाला राजस्व अधिकारी या राजस्व न्यायालय ऐसे स्थानीय क्षेत्र में जहां भूमि स्थित है, व्यापक रूप से परिचालित समाचार पत्र में उद्घोषणा प्रकाशित कराने के लिए आदेश दे सकेगा।

(4) निषेधात्मक आदेश जारी करने के लिए उद्घोषणा जारी करने के ढंग लागू होंगे।

भाग–IV
साक्ष्य

20. साक्षी.–(1) जांच के प्रयोजन हेतु या यदि अन्यथा अपेक्षित हो, पक्षकार ऐसी तारीख या उसके पूर्व, राजस्व अधिकारी नियत करे, को पक्षकारगण राजस्व अधिकारी के समक्ष में ऐसे साक्षियों की सूची प्रस्तुत करेंगे जिन्हें वे या तो साक्ष्य देने के लिये या दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिये बुलाने की प्रस्थापना करते हैं।

(2) राजस्व अधिकारी कारणों को अभिलिखित करते हुए पक्षकार को किसी ऐसे साक्षी को जो ऐसी सूची में आये नामों से भिन्न हो, बुलाने की अनुमति दे सकेगा, यदि पक्षकार उक्त सूची में से ऐसे साक्षी के नाम का उल्लेख करने में लोप का पर्याप्त कारण दर्शाता है।

(3) पक्षकार राजस्व अधिकारी के समक्ष उप–नियम (1) के अधीन प्रस्तुत की गयी सूची में से या उपनियम (2) के अधीन अनुज्ञात किसी साक्षी को राजस्व न्यायालय द्वारा समन जारी किये बिना ला सकेगा।

(4) पक्षकार किसी साक्षी को समन जारी करने के लिये, ऐसा प्रयोजन, जिसके लिये साक्षी को समन किया जाना प्रस्तावित है, कथित करते हुये राजस्व अधिकारी को आवेदन कर सकेगा।

21. समन किए गए साक्षी के व्यय.–(1) साक्षी के व्यय ऐसे पक्षकार, जिसके कहे जाने पर राजस्व अधिकारी द्वारा उसे समन किया गया है, द्वारा संदत्त किए जाएंगे।

(2) ऐसे साक्षी के व्यय, जो राजस्व अधिकारी द्वारा स्वयं की प्रेरणा से, न कि पक्षकार के कहे जाने पर, समन किया गया है, केवल तभी संदत्त किए जाएंगे यदि कार्यवाही की प्रकृति निजी पक्षकारों के मध्य के विवाद की है, तो ऐसे पक्षकारों द्वारा तथा ऐसे अनुपात में, जैसा कि राजस्व अधिकारी ठीक समझ, संदत्त किए जा सकेंगे।

(3) उप–नियम (1) एवं (2) में अंतर्दिष्ट कोई भी बात पदीय हैसियत में साक्ष्य देने के लिए समन किए गए राज्य सरकार के सेवारत सेवक के मामले में लागू नहीं होगी। ऐसे शासकीय सेवक सेवा नियमों के अनुसार यात्रा भत्ते एवं दैनिक भत्ते का हकदार होगा, चाहे वह किसी पक्षकार के कहने पर या राजस्व अधिकारी की स्वप्रेरणा से समन किया गया हो। इस प्रयोजन के लिए राजस्व अधिकारी द्वारा प्ररूप-IV में उसे साक्षी प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

(4) कोई राजस्व अधिकारी, उप–नियम (1) या (2) के अधीन समन किए गए किसी साक्षी के उपस्थित होने हेतु उसके व्ययों के .....कोई रकम, जिसके लिए ऐसा साक्षी किसी सिविल न्यायालय में समरूप उपस्थिति के लिए हकदार होता, से अनधिक रकम प्रदान कर सकेगा।

22. कथनों तथा वयानों को अभिलिखित करना.–(1) पक्षकारों के कथन और साक्षियों के बयान राजस्व अधिकारी द्वारा जिसके द्वारा मामला व्यवहृत किया जा रहा है, स्वयं या उसके द्वारा नियुक्त कमिश्नर द्वारा अभिलिखित किये जाएंगे। राजस्व कार्यवाही में पक्षकारों द्वारा या उनकी ओर से दिए गए कथन और वयानों, चाहे मौखिक हों या लिखित; मामले की प्रकृति के अनुसार संक्षिप्त होंगे; और यथासंभव तथ्यों के सरल और संक्षिप्त विवरण तक सीमित होंगे, जिन्हें वह पक्षकार, जिसके द्वारा या जिसकी ओर से कथन या वयान दिया गया है, मामले के लिए महत्वपूर्ण मानता है और जिन्हें वह या तो स्वीकार करता है या विश्वास करता है कि वह सिद्ध कर सकेगा।

(2) राजस्व कार्यवाही में किसी पक्षकार द्वारा दायर प्रत्येक लिखित आवेदन या कथन यथासंभव सरल होगा और राजस्व अधिकारी के निर्देशों के अनुसार तैयार और सत्यापित किया जाएगा।

23. दस्तावेजों का प्रदर्शन.––साक्ष्य में स्वीकार किए गए प्रत्येक दस्तावेज पर राजस्व अधिकारी द्वारा पृष्ठांकित और हस्ताक्षरित दस्तावेज होंगे और राजस्व अधिकारी द्वारा निर्दिष्ट एक प्रदर्शन संख्या अंकित होगी। राजस्व न्यायालय मामला प्रबंधन प्रणाली पर संसाधित मामलों में, दस्तावेजों को सरकार द्वारा निर्दिष्ट तरीके से प्रदर्शित किया जा सकेगा।

24. साक्षी की परीक्षा.–(1) साक्षी की परीक्षा शपथपत्र पर हो सकेगी और उसकी प्रतियां उस पक्षकार द्वारा विपक्षी पक्षकार को दी जाएंगी जो उसे साक्ष्य के लिए बुलाता है:

परन्तु जहां दस्तावेज नस्तियों के रूप में हैं और पक्षकार उन दस्तावेजों पर निर्भर करते हैं, ऐसे दस्तावेजों का प्रमाण और स्वीकार्यता, जो शपथपत्र के साथ दायर किए जाते हैं, राजस्व अधिकारी के आदेशों के अधीन होगी।

(2) साक्षी की जिरह और पुनः परीक्षा राजस्व अधिकारी के निर्देशों के अनुसार की जाएगी।

25. साक्ष्य में इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख की ग्राहता.–(1) इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख के प्रकटित और निरीक्षण की दशा में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 (2000 का अधिनियम संख्यांक 21), में यथा परिभाषित मुद्रित प्रति देना पर्याप्त होगा।

(2) पक्षकारों के विवेक या जहां अपेक्षित हो (जब पक्षकार दृश्य श्रव्य अंतर्वस्तु पर निर्भर करने के इच्छुक हों), इलेक्ट्रॉनिक अभिलेखों की प्रतियां या तो मुद्रित प्रति के अतिरिक्त या उसके बदले में इलेक्ट्रॉनिक रूप में दी जाएंगी।

(3) जहां इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख प्रकटित दस्तावेजों के भागरूप हैं, वहां किसी पक्षकार द्वारा दाखिल की जाने वाली शपथ घोषणा में निम्नलिखित विनिर्दिष्ट होंगे,––

(क) ऐसे इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख के पक्षकार;

(ख) वह रीति, जिसमें ऐसा इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख प्रस्तुत किया गया था और जिसके द्वारा प्रस्तुत किया गया था;

(ग) ऐसे प्रत्येक इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख के तैयार किए जाने या भंडारण या जारी अथवा प्राप्त किए जाने की तारीख और समय;

(घ) ऐसे इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख का स्त्रोत और वह तारीख और समय, जब इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख मुद्रित किया गया था;

(ङ) ई–मेल आईडी की दशा में, ऐसे ई–मेल आईडी के स्वामित्व, अभिरक्षा और पहुंच के विवरण;

(च) किसी कम्प्यूटर या कम्प्यूटर स्त्रोत पर भंडारित (जिसके अंतर्गत बाह सर्वर या क्लाउड भी हैं) दस्तावेजों की दशा में, कम्प्यूटर या कम्प्यूटर स्त्रोत पर ऐसे डाटा के स्वामित्व, अभिरक्षा और पहुंच के ब्यौरे;

(छ) अभिसाक्षी की अंतर्वस्तुओं की और अंतर्वस्तुओं की सत्यता की जानकारी;

(ज) क्या ऐसे दस्तावेज या डाटा को तैयार करने या प्राप्त करने या संचित करने के लिए प्रयुक्त कम्प्यूटर या कम्प्यूटर स्रोत उचित रूप से कार्य कर रहा था या खराबी की दशा में ऐसी खराबी से संचित दस्तावेज की अंतर्वस्तुएं प्रभावित नहीं हुई,'

(झ) दी गई मुद्रित प्रति या प्रति मूल कम्प्यूटर या कम्प्यूटर स्रोत से ली गई थी।

(4) किसी इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख की मुद्रित प्रति या इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रति पर निर्भर करने वाले पक्षकारों से इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख के निरीक्षण कराए जाने की अपेक्षा नहीं की जाएगी, परन्तु यह तब, जब ऐसे पक्षकार द्वारा यह घोषणा कर दी गई है कि ऐसी प्रत्येक प्रति, जो प्रस्तुत की गई है, मूल इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख से बनाई गई है।

(5) राजस्व अधिकारी कार्यवाहियों के किसी भी प्रक्रम पर इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख की ग्राह्यता के लिए निदेश दे सकेगा।

(6) राजस्व अधिकारी स्वप्रेरणा से या किसी पक्ष के अनुरोध पर, किसी इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख को स्वीकार करने से पूर्व मेटा डाटा या लॉग सहित किसी इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख का अतिरिक्त प्रमाण प्रस्तुत करने के लिए निर्देश जारी कर सकेगा।

भाग–V
मामले की कार्यवाही

26. वाद–सूची.–(1) राजस्व अधिकारी द्वारा सुनवाई के लिए नियत सभी मामलों को दर्शाने वाली एक वाद–सूची कार्यालय में प्रारूप–V में या किसी अन्य ऐसे प्रपत्र में राजस्व अधिकारी उचित समझे, रखी जाएगी और कार्यालय समय के दौरान जनता के लिए सुलभ रहेगी।

(2) राजस्व अधिकारी अपने सूचना पट्ट पर प्रपत्र–VI में या किसी अन्य प्रारूप जैसा वह उचित समझे में दैनिक वाद–सूची प्रदर्शित करवाएगा।

(3) राज्य सरकार उप–नियम (1) और (2) में निर्दिष्ट वाद–सूचियों को बनाए रखने और उन्हें जनता के लिए सुलभ बनाने के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली स्थापित कर सकेगी और उनमें समय–समय पर संशोधन कर सकेगी।

27. विधि व्यवसायी.–(1) कोई भी विधि व्यवसायी अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन किसी कार्यवाही में किसी राजस्व अधिकारी के समक्ष किसी पक्षकार की ओर से कार्य नहीं करेगा, जब तक कि उसे ऐसे पक्षकार द्वारा या उसके मान्यताप्राप्त अभिकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित लिखित दस्तावेज द्वारा या ऐसी नियुक्ति करने के लिए मुख्तारनामा के अधीन इस प्रयोजन के लिए नियुक्त न किया गया हो।

(2) ऐसी प्रत्येक नियुक्ति राजस्व अधिकारी के समक्ष दाखिल की जाएगी और तब तक प्रभावी मानी जाएगी जब तक कि राजस्व अधिकारी की अनुमति से, यथास्थिति, पक्षकार या विधि व्यवसायी द्वारा हस्ताक्षरित और राजस्व अधिकारी के समक्ष दाखिल लिखित आवेदन द्वारा उसे समाप्त न कर दिया जाए या जब तक कि पक्षकार या विधि व्यवसायी की मृत्यु न हो जाए या जब तक कि मामले में सभी कार्यवाही, जहां तक पक्षकार से संबंधित है, समाप्त न हो जाए।

(3) उप–नियम (2) के प्रयोजनों के लिए, मामले में किसी आदेश के विरुद्ध अपील, पुनरीक्षण या पुनर्विलोकन के लिए आवेदन और मामले में प्रस्तुत या दाखिल दस्तावेजों या दस्तावेजों की वापसी की प्रतियां प्राप्त करने या मामले के संबंध में राजस्व अधिकारी के समक्ष संदत्त की गई धनराशि का प्रतिदाय प्राप्त करने के प्रयोजन के लिए कोई आवेदन या कार्रवाई मामले में कार्यवाही मानी जाएगी।

28. मामले की कार्यवाही.––(1) राजस्व अधिकारी मामले की कार्यवाही करने की प्रक्रिया के संबंध में निम्नलिखित सामान्य सिद्धांतों द्वारा निर्देशित होगा; –

(i) कार्यवाही में पक्षकारों को अपना पक्ष रखने का अवसर प्रदान किया जाएगा

(ii) विवादों पर निर्णय हेतु सुनवाई संक्षिप्त रूप से की जाएगी और सिविल प्रक्रिया संहिता के उपबन्धों को तब तक लागू नहीं किया जाएगा जब तक कि अधिनियम या नियमों में उपबन्ध न हो।

(iii) यदि समन या नोटिस उचित रूप से तामील किए जाते हैं, तो पक्षकारों की अनुपस्थिति के कारण सुनवाई या कार्यवाही के अनावश्यक स्थगन से बचा जाएगा।

(iv) यदि कार्यवाही के दौरान साक्ष्य आवश्यक हों, तो राजस्व अधिकारी निर्धारित तिथि पर साक्ष्य सुनने का प्रयास करेगा और जब साक्ष्य की सुनवाई शुरू हो जाए, तो मामले की सुनवाई दिन–प्रतिदिन तब तक जारी रखी जानी चाहिए जब तक कि उपस्थित सभी गवाहों की जांच न हो जाए, जब तक कि राजस्व अधिकारी लिखित रूप में दर्ज किए जाने वाले कारणों से सुनवाई को स्थगित करना आवश्यक न समझे।

(3) यदि मामलों का निपटान राजस्व न्यायालय मामला प्रबंधन प्रणाली पर किया जाता है, तो दैनिक आदेश, अंतरिम आदेश या अंतिम आदेश डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित किए जा सकते हैं।

(4) यदि कार्यवाही के दौरान जांच रिपोर्ट या क्षेत्रीय रिपोर्ट की आवश्यकता होती है, तो राजस्व अधिकारी वह तिथि निर्दिष्ट करेगा जिस तक ऐसी रिपोर्ट उसके समक्ष प्रस्तुत की जानी आवश्यक है और आदेश पत्र में संबंधित अधिकारी को निर्देश देगा। पक्षकारों को यह भी सूचित किया जाएगा कि वे संबंधित अधिकारी द्वारा की जाने वाली कार्यवाही को देखने के लिए संबंधित अधिकारी के साथ उपस्थित हों और अगली सुनवाई की तिथि, जिस दिन ऐसी रिपोर्ट पर विचार किया जाएगा, भी निर्धारित की जाएगी और पक्षकारों को इसकी घोषणा की जाएगी।

29. पक्षकार की मृत्यु या विवाह पर कार्यवाही का उपशमन नहीं होना.–किसी राजस्व कार्यवाही के पक्षकारों में से किसी एक की मृत्यु या किसी ऐसी कार्यवाही में जिसमें कोई महिला पक्षकार है, उसके विवाह के कारण कार्यवाही उपशमन नहीं होगी और जिस राजस्व अधिकारी के समक्ष कार्यवाही चल रही है, उसे मृत व्यक्ति या विवाहित महिला के हित–उत्तराधिकारी को उसमें पक्षकार बनाने का अधिकार होगा।

30. संरक्षक द्वारा अवयस्क के लिए अवयस्क कार्यवाही संस्थित करना.–अवयस्क द्वारा किया गया प्रत्येक आवेदन उसके नाम से अवयस्क के संरक्षक के रूप में कार्य करने वाले व्यक्ति द्वारा दायर किया जाएगा।

31. अवयस्क की कार्यवाही के लिए अभिभावक.–कोई भी व्यक्ति जो स्वस्थ चित्त का हो और वयस्क हो गया हो और जिसका हित अवयस्क के हित के प्रतिकूल न हो, कार्यवाही में अवयस्क पक्षकार के लिए संरक्षक के रूप में कार्य कर सकेगा या नियुक्त किया जा सकता है, यदि ऐसा संरक्षक विधि के अनुसार संरक्षक के होने के लिए अन्यथा पात्र हो।

32. संरक्षक द्वारा करार.–(1) कोई भी संरक्षक, राजस्व अधिकारी की अनुमति के बिना, जो कार्यवाही में स्पष्ट रूप से दर्ज हो, किसी अवयस्क की ओर से उन कार्यवाहियों के संदर्भ में कोई करार या समझौता नहीं करेगा, जिनमें वह उसका संरक्षक के रूप में कार्य करता है या उसे संरक्षक नियुक्त किया जाता है।

(2) राजस्व अधिकारी की अनुमति के बिना किया गया ऐसा कोई भी करार या समझौता, जो इस प्रकार अभिलिखित हो, अवयस्क के अलावा अन्य सभी पक्षों के विरुद्ध अमान्यकरणीय होगा।

33. शपथ–पत्र.–(1) निम्नलिखित याचिकाओं के साथ आवेदक या याचिकाकर्ता या उसके अधिवक्ता द्वारा दिया गया शपथ–पत्र संलग्न होगा, जब तक कि मामले की सुनवाई करने वाला राजस्व अधिकारी इस आवश्यकता को समाप्त न कर दे:–

(क) नए और महत्वपूर्ण साक्ष्य की खोज के आधार पर किए गए पुनरीक्षण के लिए;

(ख) उपस्थिति न होने पर खारिज की गई अपील या पुनरीक्षण आवेदन को पुनः स्वीकार करने या बहाल करने के लिए;

(ग) पक्षकारों के प्रतिस्थापन के लिए

(2) उप–नियम (1) में उल्लिखित कोई भी बात राजस्व अधिकारी के किसी अन्य मामले में शपथ–पत्र मांगने के अधिकार को सीमित नहीं करेगी, जिसके संबंध में उसे अपने विवेक का प्रयोग करने या कोई आदेश देने की शक्ति प्राप्त है।

34. जांच रिपोर्टः–कोई राजस्व अधिकारी, जिसे कोई राजस्व मामला किसी वरिष्ठ राजस्व अधिकारी द्वारा जांच और रिपोर्ट के लिए सौंपा गया है, अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते समय, पक्षकारों या उनके विधिक व्यवसायियों से यह सुनिश्चित करेगा कि क्या वे अंतिम आदेश पारित करने वाले राजस्व अधिकारी द्वारा सुनवाई चाहते हैं या नहीं और उनकी इच्छाओं को अभिलिखित करेगा।

35. वाद शुल्क.––(1) आवेदक या याचिकाकर्ता को राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित वाद शुल्क संदत्त करना होगाः

परन्तु यदि आवेदक या याचिकाकर्ता राज्य सरकार है तो कोई वाद शुल्क देय नहीं होगा।

(2) वाद शुल्क के अधीन केवल निम्नलिखित लागतें अंतर्विष्ट होंगीः–

(क) हिमाचल प्रदेश न्यायालय फीस अधिनियम, 1968 के अंतर्गत न्यायालय शुल्क स्टाम्प के रूप में देय न्यायालय शुल्क;

(ख) राजस्व अधिकारी के समक्ष दायर की जाने वाली याचिका या आवेदन के लिए हिमाचल प्रदेश न्यायालय शुल्क अधिनियम, 1968 के अंतर्गत निर्धारित दर पर न्यायालय शुल्क स्टाम्प के रूप में पक्षकारों और गवाहों को नोटिस और सम्मन जारी करने हेतु प्रक्रिया शुल्क;

(ग) उद्घोषणा शुल्क, यदि उद्घोषणा जारी करना आवश्यक हो,

(i) यदि उद्घोषणा समाचार पत्र में प्रकाशित की जानी है तो समाचार पत्र में प्रकाशन की लागत की दर से और

(ii) उद्घोषणा के अन्य तरीकों के मामले में वास्तविक लागत के अनुसार, और

(घ) सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित सेवा प्रभार, यदि कोई हो

(3) मामला फीस आवेदक या याचिकाकर्ता द्वारा ऐसी रीति में संदत्त की जाएगी, जैसी सरकार द्वारा समय–समय पर निर्देशित की जाए।

भाग–VI
अपील, पुनरीक्षण और पुनर्विलोकन

36. पुनरीक्षण या पुनर्विलोकन के लिए अपील या आवेदन का प्रस्तुतीकरण और रजिस्ट्रीकरण.–(1) प्रत्येक अपील और पुनर्विलोकन या पुनर्विलोकन के लिए प्रत्येक आवेदन ज्ञापन के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा, जिस पर अपीलकर्ता या आवेदक, या उसके मान्यताप्राप्त अभिकर्ता या उसके विधिक व्यवसायी द्वारा हस्ताक्षर और तारीख अंकित होगी, या यदि याचिकाकर्ता या आवेदक निरक्षर है, तो उस पर राजपत्रित अधिकारी के हस्ताक्षर द्वारा सत्यापित उसका अंगूठा–निशान होगा।

(2) हर अपील, पुनरीक्षण या पुनर्विचार की याचिका के साथ उस आदेश की प्रमाणित प्रति संलग्न की जाएगी, जिसके विरुद्ध आपत्ति की गई है। यदि ऐसा आदेश अपने आप में पूर्ण नहीं है और उसमें दिए

गए कारण किसी अन्य रिपोर्ट या आदेश पर आधारित हैं या उसकी ओर संकेत करते हैं, तो ऐसी रिपोर्ट या आदेश की प्रमाणित प्रति भी उसी के साथ संलग्न की जाएगी।

(3) नियम 4 से 10 तक के उपबन्ध को अपील, पुनरीक्षण या पुनर्विचार की याचिका के प्रस्तुतीकरण और उसके रजिस्ट्रीकरण के मामले में (आवश्यक परिवर्तन सहित) लागू किए जाएंगे।

(4) जब अपील, पुनर्विचार या पुनरीक्षण की सुनवाई की जा रही हो और उक्त मामलों में भाग–III, VI और V में उल्लिखित उपबन्ध लागू होते हों, तब इन भागों के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया को आवश्यकतानुसार परिवर्तन के साथ पालन किया जाएगा।

37. अपील, पुनरीक्षण या पुनर्विलोकन के आधार.––याचिकाकर्ता की राजस्व अधिकारी की अनुमति के बिना, अपील, पुनरीक्षण या पुनर्विलोकन याचिका में उल्लिखित न किए गए किसी भी आपत्ति के आधार पर सुनवाई नहीं की जाएगी, किन्तु राजस्व अधिकारी, उस पर निर्णय करते समय, अपील, पुनरीक्षण या पुनर्विलोकन याचिका में उल्लिखित या इस नियम के अधीन राजस्व अधिकारी की अनुमति से लिए गए आपत्तियों के आधारों तक ही सीमित नहीं रहेगाः

परन्तु राजस्व अधिकारी पक्षकारों को उस आधार पर सुनवाई का पर्याप्त अवसर दिए बिना किसी अन्य आधार पर अपना निर्णय नहीं देगा।

38. आदेश के निष्पादन पर रोक लगाने के लिए आवेदन.–किसी आदेश के निष्पादन पर रोक लगाने के लिए प्रार्थना अपील के ज्ञापन या पुनरीक्षण या पुनर्विलोकन के आवेदन में शामिल नहीं की जाएगी, बल्कि एक पृथक आवेदन द्वारा की जाएगी। ऐसे आवेदन में उन आधारों का उल्लेख होगा जिन पर चुनौती दिए गए आदेश के निष्पादन पर रोक लगाने की मांग की गई है।

39. विलंब क्षमा के लिए आवेदन.–(1) जब अपील का ज्ञापन या पुनर्विलोकन के लिए आवेदन, उसके लिए निर्दिष्ट सीमा अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्रस्तुत किया जाता है, तो उसके साथ शपथ–पत्र द्वारा समर्थित एक आवेदन संलग्न किया जाएगा जिसमें वे तथ्य शामिल होंगे जिन पर याचिकाकर्ता निर्भर करता है ताकि राजस्व अधिकारी को यह विश्वास दिलाया जा सके कि उसके पास उक्त अवधि के भीतर अपील का ज्ञापन या पुनर्विलोकन के लिए आवेदन प्रस्तुत न करने का पर्याप्त कारण था।

(2) यदि राजस्व अधिकारी को प्रत्यार्थी को नोटिस जारी किए बिना विलंब क्षमा के आवेदन को अस्वीकार करने का कोई कारण नहीं मिलता है, तो प्रत्यर्थी को नोटिस जारी किया जाएगा और राजस्व अधिकारी अपील, पुनरीक्षण या पुनर्विलोकन पर गुण–दोष के आधार पर विचार करने से पहले विलंब क्षमा के मामले पर निर्णय लेगा।

40. सूचना पत्रों का जारी किया जाना.–(1) अपील के ज्ञापन अथवा पुनरीक्षण या पुनर्विलोकन का आवेदन, यदि व्यवस्थित पाया जाए, तो राजस्व अधिकारी दोनों पक्षकारों की सुनवाई के लिये सूचना पत्र जारी करने का आदेश देगा और तारीख नियत की जाएगी तथा उस तारीख की सूचना दोनों पक्षकारों को दी जाएगी।

(2) उप–नियम (1) के अधीन प्रत्यार्थी को जारी किये गये सूचना पत्र के साथ यथास्थिति, अपील के ज्ञापन या पुनरीक्षण या पुनर्विलोकन के आवेदन की प्रतिलिपि होगी।

41. अधीनस्थ न्यायालय के अभिलेखों का प्राप्त किया जाना.––(1) राजस्व अधिकारी अपील अथवा पुनरीक्षण के लिए आवेदन को ग्रहण करने के पश्चात्, अधीनस्थ राजस्व न्यायालय के अभिलेख, यदि वे पूर्वतः प्राप्त नहीं हुए हैं, तत्काल मंगाएगा ।

(2) राज्य सरकार, ऐसी शर्तों एवं निबंधनों पर जैसी कि वह ठीक समझे, राजस्व अधिकारियों के मध्य मामलों के अभिलेखों या दस्तावेजों के इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रेषण की अनुमति दे सकेगी।

(3) किसी मामले के अभिलेख या दस्तावेजों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्राप्त करने वाला राजस्व अधिकारी उन्हें भौतिक रूप में ही मान सकता है।

(4) उप–नियम (2) तथा (3) के उपबंधों के होते हुए भी राजस्व अधिकारी, अपने विवेक से, किसी मामले के मूल अभिलेखों या दस्तावेजों को मंगवा सकेगा।

स्पष्टीकरण.––इस नियम, के प्रयोजन के लिए, अभिव्यक्ति दस्तावेज में जांच प्रतिवेदन, स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन या राजस्व न्यायालय के आदेश सम्मिलित हैं।

42. अपील, पुनर्विचार या पुनरीक्षण की सुनवाई.–(1) राजस्व अधिकारी, विलंब क्षमा करने के आवेदन, चुनौती दिए गए आदेश पर स्थगन (स्टे) के आवेदन तथा किसी अन्य आवेदन का निर्णय करने के पश्चात अपील, पुनर्विचार या पुनरीक्षण, जो भी हो, की सुनवाई करेगा और अपील के आधारों, अपील के समर्थन में प्रस्तुत सामग्री तथा पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत तर्कों पर विचार करके प्रकरण का यथोचित निर्णय करेगा।

(2) अपील की दशा में, अपीलीय प्राधिकारी, अपील को खारिज कर सकेगा या मामले को पुनः निर्णय हेतु अधीनस्थ प्राधिकारी को वापिस भेज सकेगा अथवा वह बिना इसे निम्न प्राधिकारी के अधिनिर्णय हेतु वापिस भेजे मामले का अंतिम रूप से स्वयं विनिश्चय कर सकेगा।

भाग–VII
आदेश

43. सुनवाई का अवसर.–राजस्व अधिकारी द्वारा किसी भी व्यक्ति को अहितकारी कोई अंतिम आदेश उसे सुने जाने का अवसर दिए बिना और यदि वह वैसी इच्छा करे, उसे सुने बिना पारित नहीं किया जाएगा।

44. अंतिम आदेश पारित करना.–(1) मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद, अंतिम आदेश पारित करने के लिए एक निश्चित तिथि नियत की जाएगी, जो कार्यवाही समाप्त होने के 14 दिनों के बाद की नहीं होगी।

(2) इस प्रकार नियत की गई तारीख पर आदेश मुक्त न्यायालय में घोषित किया जाएगा। यदि पक्षकार या अधिवक्ता उपस्थित हैं तो उनकी उपस्थिति अभिलिखित की जाएगी। यदि वे अनुपस्थित हैं तो आदेशपत्र में शपथपत्र की तारीख की उन्हें सूचना दी गई होने पर भी उनकी अनुपस्थिति का संकेत होना चाहिए। ऐसे प्रकरण में पक्षकारों को आदेश की कोई अतिरिक्त संसूचना आवश्यक नहीं होगी। अपील या पुनरीक्षण के मामले में, एक प्रति सामान्य रूप से मूल न्यायालय को सूचना हेतु भेजी जाएगी।

(3) आदेश पर आधार आधारित ई–साइन या डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण–पत्र के माध्यम से या राज्य सरकार द्वारा निर्दिष्ट तरीके से डिजिटल हस्ताक्षर किए जा सकेंगे।

45. मूल आदेश की अंतर्वस्तु.––(1) राजस्व अधिकारी द्वारा पारित प्रत्येक मूल आदेश स्पष्ट एवं सरल भाषा में लिखा जाएगा, जिसमें मामले के तथ्य, लागू विधिक प्रावधान, विचारित साक्ष्य और निष्कर्षों के औचित्य का उल्लेख होगा। जहां तक संभव हो, आदेश में निम्नलिखित तत्व शामिल होंगेः–

(क) प्रकरण का संक्षिप्त विवरण;
(ख) अवधारण के लिये बिन्दु;
(ग) प्रत्येक अवधारणीय बिन्दु पर निष्कर्ष और उसके आधार, और
(घ) मामले का विनिश्चय;

परन्तु यह कि अपील, पुनर्विलोकन (रिव्यू) या पुनरीक्षण (रिवीजन) की स्थिति में, अंतिम आदेश में उस प्राधिकारीकी टिप्पणियां शामिल होंगी, जिसके आदेश को चुनौती दी जा रही है, और आदेश को बनाए रखने, संशोधित करने या खारिज करने के स्पष्ट कारण अभिलिखित किए जाएंगे।

(2) उप–नियम (1) में किसी बात के होते हुए भी, राजस्व अधिकारी निम्नलिखित परिस्थितियों में संक्षिप्त आदेश पारित कर सकेगाः–

(क) परिसीमा या अधिकारिता के अभाव के आधारों पर आवेदन का निरस्त किया जाना;
(ख) अनुपस्थिति के कारण मामला खारिज किया जाना;
(ग) अविवादित मामले में विनिश्चय;
(घ) किसी मामले में किसी अंतर्वत आवेदन पर विनिश्चय; या
(ङ) किसी मामले में कोई अंतरिम आदेश पारित किया जाना।

भाग VIII
इंतकाल, भागीदारी और निशानदेही की प्रक्रिया

46. अर्जित अधिकारों की रिपोर्ट.––(1) धारा 35 के अंतर्गत अधिकार प्राप्त करने वाला कोई भी व्यक्ति, उप–नियम (2) और (3) में उल्लिखित तरीके से संबंधित पटवारी को भौतिक रूप से या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर ऐसे अधिग्रहण की रिपोर्ट कर सकता है।

(2) रजिस्ट्रीकृत वसीयत को छोड़कर, राज्य पंजीकरण अधिनियम, 1908 के अंतर्गत पंजीकृत दस्तावेज़ों के माध्यम से अर्जित अधिकारों के मामले में, राष्ट्रीय सामान्य दस्तावेज़ पंजीकरण प्रणाली या किसी अन्य समान प्लेटफॉर्म के माध्यम से पटवारी को तैयार और प्रेषित की गई रिपोर्ट, धारा 35 के अंतर्गत अधिकार के अधिग्रहण की रिपोर्ट मानी जाएगी।

(3) उत्तराधिकार, वसीयत या उप–नियम (2) में उल्लिखित के अलावा किसी अन्य माध्यम से अर्जित अधिकारों के मामले में, ऐसा अधिकार प्राप्त करने वाला व्यक्ति इन नियमों के साथ संलग्न प्रारूप–VII में आवेदन पर, उसमें निर्दिष्ट दस्तावेज़ों के साथ, व्यक्तिगत रूप से या ई–मेल या इलेक्ट्रॉनिक संदेश के माध्यम से या निर्दिष्ट ऑनलाइन दाखिल–खारिज पोर्टल या राजस्व न्यायालय मामला प्रबंधन प्रणाली पर ऐसे अधिकार के अधिग्रहण की रिपोर्ट कर सकता है।

47. अर्जित अधिकारों की प्रविष्टि और सत्यापन हेतु प्रस्तुतीकरण.–(1) पटवारी वित्त आयुक्त द्वारा निर्दिष्ट तरीके से, यथास्थिति, भौतिक या ऑनलाइन नामांतरण रजिस्टर में प्रविष्टि करेगा, जब भी उसे धारा 35 के अंतर्गत रिपोर्ट प्राप्त हो, लेकिन ऐसी रिपोर्ट प्राप्त होने के दो दिन के भीतर। यदि रिपोर्ट उचित प्रविष्टि करने के लिए पूरी नहीं है या प्रस्तुत रिपोर्ट में कोई त्रुटि है, तो पटवारी पूछे गए प्रश्नों का समाधान होने पर प्रश्नों के सुधार के लिए आवेदन को वापिस कर देगा और नामांतरण रजिस्टर में प्रविष्टि करेगा।

(2) पटवारी नामांतरण रजिस्टर पर एक रिपोर्ट दर्ज करेगा जिसमें प्रविष्टियों की सत्यता, स्वामित्व, पहचान विवरण, भूमि अधिग्रहण कार्यवाही या स्थगन आदेश या विवाद, यदि कोई हो, या कोई अन्य टिप्पणी, जो वह उचित समझे, का उल्लेख होगा।

(3) पटवारी अपने द्वारा की गई प्रविष्टि के सत्यापन के लिए नामांतरण रजिस्टर कानूनगो को प्रस्तुत करेगा। इसे निर्दिष्ट ऑनलाइन नामांतरण पोर्टल के माध्यम से भेजा जा सकता है जहां प्रविष्टियां करने के तुरंत बाद ऐसी सुविधा चालू कर दी गई है। अन्यथा, कानूनगो साप्ताहिक आधार पर पटवारखाना जाकर या अपने कार्यालय में भौतिक रजिस्टर मंगवाकर नामांतरण रजिस्टर में प्रविष्टियों का सत्यापन करेगा।

(4) कानूनगो प्रविष्टियों की प्राप्ति के दो दिनों के भीतर उनका सत्यापन करेगा और रजिस्टर को सहायक कलेक्टर को उनके आदेश के लिए प्रस्तुत करेगा।

48. सार्वजनिक सूचना और पक्षकारों को सूचना.–(1) राजस्व अधिकारी, वित्त आयुक्त द्वारा निर्दिष्ट समयावधि के भीतर आपत्तियां आमंत्रित करने के लिए, प्ररूप–VII में धारा 35 की उप–धारा (7) के अधीन एक सार्वजनिक सूचना जारी करवाएगा।

(2) सार्वजनिक सूचना निम्नलिखित में से किसी एक या एक से अधिक तरीकों से प्रचारित की जाएगीः–

(i) उस सम्पदा के प्रमुख स्थानों पर प्रतियां चिपकाना जिसमें सम्पत्ति स्थित है;

(ii) पटवारखाना या पंचायत कार्यालय या तहसील कार्यालय के बाहर म्यूटेशन सार्वजनिक सूचना पट्ट के रूप में चिह्नित सूचना पट्ट पर प्रतियां चिपकाना;

(iii) सूचना को डिजिटल सूचना पट्ट पर अपलोड करना जो विभाग की वेबसाइट पर आम जनता के लिए उपलब्ध होगा; और

(iv) उद्घोषणा।

(3) राजस्व अधिकारी इच्छुक पक्षों को भी उसमें निर्दिष्ट समयावधि के भीतर आपत्तियां आमंत्रित करने के लिए वही नोटिस जारी करेगा।

(4) इच्छुक पक्षों को नोटिस निम्नलिखित में से एक या एक से अधिक माध्यमों से दिया जा सकता है–

(i) राजस्व अधिकारी को ज्ञात या ज्ञात कराए गए या अन्यथा ज्ञात मोबाइल नंबर या इलेक्ट्रॉनिक मेल पते पर एसएमएस, व्हाट्सएप, इलेक्ट्रॉनिक मेल आदि जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से,

(ii) विभाग के किसी अधिकारी या उस क्षेत्र के नंबरदार के माध्यम से नोटिस या उसकी विषय–वस्तु का संप्रेषण, जिसमें संपत्ति स्थित है, जो संबंधित पक्षों को संचार के संभावित माध्यमों, जिसमें मोबाइल फोन पर कॉल भी शामिल है, के माध्यम से सूचित करेगा।

(5) नोटिस में एक वेब लिंक होगा जिसका उपयोग जनता या इच्छुक पक्ष ऑनलाइन माध्यम से आपत्तियाँ दर्ज करने के लिए कर सकते हैं।

49. पंजीकृत विलेखों के माध्यम से अर्जित अधिकारों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया.––(1)वसीयत के दस्तावेज़ को छोड़कर, पंजीकृत विलेखों के माध्यम से अर्जित अधिकारों के मामलों में, यदि नियम 48 के अंतर्गत जारी सार्वजनिक सूचना के प्रत्युत्तर में निर्दिष्ट समयावधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो राजस्व अधिकारी, आपत्तियाँ आमंत्रित करने के लिए निर्दिष्ट समयावधि बीत जाने के बाद, पक्षकारों की उपस्थिति पर ज़ोर दिए बिना, दस्तावेज़ों और अभिलेखों के आधार पर तुरंत नामांतरण का सत्यापन करेगा।

(2) यदि पटवारी रिपोर्ट नामांतरण दावे के साथ असंगत है, तो पटवारी रिपोर्ट को आपत्ति के लिए, यदि कोई हो, संबंधित पक्षों के साथ सांझा किया जाएगा, जिसमें प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने के लिए समय–सीमा और वेब लिंक दिए जाएंगे और पक्षों की प्रतिक्रिया पर विचार करने के बाद नामांतरण पर निर्णय लिया जाएगा।

50. वसीयत, उत्तराधिकार आदि के माध्यम से अर्जित अधिकारों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया.– (1) नियम (49) के अंतर्गत आने वाले पंजीकृत विलेखों को छोड़कर, वसीयत या उत्तराधिकार या अन्यथा अर्जित अधिकारों के दावों के मामलों में, राजस्व अधिकारी लोक सूचना की अवधि समाप्त होने के पश्चात् सुनवाई के

लिए स्थान और तिथि निर्धारित करेगा और संबंधित पक्षों को संचार के संभावित माध्यमों से तद्नुसार सूचित करेगा।

(2) निर्धारित तारीख को, पक्षकारों की रिपोर्ट, दस्तावेजों या कथनों, यदि कोई हों, पर विचार करने के बाद, नामांतरण के सत्यापन या किसी अन्य उपयुक्त आदेश के आदेश पारित किए जाएंगे।

51. विवादित मामले.–यदि नियम 46 के अंतर्गत जारी लोक सूचना के प्रत्युत्तर में निर्दिष्ट समयावधि के भीतर आपत्तियाँ प्राप्त होती हैं या दावा अन्यथा विवादित है, या पटवारी की रिपोर्ट नामांतरण के दावे के साथ संगत नहीं है, तो राजस्व अधिकारी संबंधित पक्षों की सुनवाई के बाद ही अंतिम आदेश पारित करेगा।

52. नामांतरण के लिए पक्षकारों की सुनवाई का स्थान और तरीका.––(1) नामांतरण के मामलों की सुनवाई, यदि आवश्यक हो, राजस्व अधिकारी के कार्यालय में या उसके द्वारा निर्धारित किसी अन्य स्थान पर निर्धारित की जा सकेगी।

(2) राजस्व अधिकारी किसी विशिष्ट राजस्व संपदा के हितबद्ध पक्षों को निर्दिष्ट स्थान और समय पर बुलाने हेतु उद्घोषणा जारी करेगा या नोटिस जारी करके पक्षों को बुला सकेगा।

(3) यदि कोई व्यक्ति धारा (2) के अंतर्गत समन–सूचना आदेश या नामांतरण की कार्यवाही के प्रयोजनार्थ राजस्व अधिकारी द्वारा उप–नियम (2) के अधीन जारी नोटिस या उद्घोषणा के पालन में उस राजस्व संपदा के भीतर नामांतरण कार्यवाही में उपस्थित नहीं होता है, जिसमें वह सामान्यतः निवास करता है, तो एक हजार रुपये तक के जुर्माना के लिए दायी होगाः

परन्तु यह कि यदि कोई व्यक्ति स्व–घोषणा पत्र दाखिल करता है जिसमें यह उल्लेख हो कि उसकी अनुपस्थिति में भी दाखिल–खारिज सत्यापित किया जा सकता है, तो दाखिल–खारिज को अंतिम रूप देने के लिए ऐसे व्यक्ति की उपस्थिति पर ज़ोर नहीं दिया जाएगा और राजस्व अधिकारी ऐसे अनुरोधों को अपने आदेश में दर्ज करेगा।

(4) अचल संपत्ति के इंतकाल की दशा में पक्षकारों को सूचना जारी करने के प्रयोजनार्थ प्रत्येक भूमि खंड के हितधारक पक्षों का एक डिजिटल डेटाबेस तैयार किया जाएगा। स्थानीय सरकार निर्देशिका कोड का उपयोग करके एक सॉफ्टवेयर प्लेटफ़ॉर्म केंद्रीय रूप से विकसित किया जा सकेगा, जिसमें निम्नलिखित विशेषताएं होंगीः––

(i) इच्छुक पक्ष बनने के लिए प्रत्येक आवेदक को अनिवार्य रूप से आधार कार्ड का उपयोग करके प्रमाणीकरण करना होगा। डेटाबेस बनाने के लिए इच्छुक पक्ष से निम्नलिखित जानकारी मांगी जा सकेगीः–

(क) संपत्ति का स्थान जहां स्वामित्व अधिकार मौजूद हैं – जिला, तहसील, गांव, खाता संख्या, खतौनी संख्या आदि।

(ख) पहचान विवरण, मालिक का नाम, मोबाइल नंबर, ई–मेल और आधार नंबर सहित, माता–पिता और दादा–दादी का नाम, जिनके नाम पर भूमि का टुकड़ा मौजूद है या हो सकेगा।

(ii) एकत्रित जानकारी को एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफ़ेस के माध्यम से संबंधित तहसीलों तक पहुंचाया जा सकेगा।

(5) राजस्व अधिकारी, आधार कार्ड, पैनकार्ड या सरकारी विभाग द्वारा जारी किसी अन्य फोटोग्राफ आधारित पहचान दस्तावेज के आधार पर किसी हितबद्ध पक्षकार की पहचान सत्यापित कर सकेगा और केवल

किसी स्थानीय व्यक्ति या नम्बरदार द्वारा हितबद्ध व्यक्तियों की पहचान की सत्यता पर जोर नहीं दिया जाएगा।

(6) यदि राजस्व अधिकारी ने पक्षकारों को सुनवाई के लिए बुलाया है और उन्हें विधिवत रूप से सूचित किया गया है, तो पक्षकारों की अनुपस्थिति के कारण नामांतरण की कार्यवाही स्थगित नहीं की जाएगी। यदि किसी पक्षकार ने यह स्वघोषणा दी है कि उसकी अनुपस्थिति में नामांतरण किया जा सकेगा, तो राजस्व अधिकारी द्वारा उसकी भौतिक उपस्थिति पर जोर नहीं दिया जाएगा।

53. पूर्व–म्यूटेशन स्केच.–(1) विक्रय आधारित म्यूटेशन के मामलों में, जहां एक सम्पूर्ण सर्वे संख्या या उसका कुछ हिस्सा एकल मालिक या संयुक्त स्वामित्व में सभी मालिकों द्वारा बेचा जा रहा है, वहां एक पूर्व–म्यूटेशन स्केच (ततीमा) अनिवार्य होगा जिसे म्यूटेशन रजिस्टर में डिजिटल रूप से सरकार द्वारा निर्दिष्ट तरीके से संलग्न किया जाएगा।

(2) संयुक्त स्वामित्व के मामलों में, जहाँ एक या अधिक सह–स्वामियों द्वारा एक हिस्सा बेचा जा रहा है, वहां पूर्व–म्यूटेशन स्केच (ततीमा) केवल तब तैयार किया जा सकेगा यदि निम्नलिखित शर्तें पूरी हों:––

(क) सभी सह–स्वामी विक्रय पर कोई आपत्ति नहीं रखते और इसके संबंध में शपथ पत्र प्रदान करते हैं।
(ख) विक्रेता के पास बेची जा रही हिस्से की स्पष्ट भौतिक कब्जेदारी है
(ग) बेचा जा रहा क्षेत्र विक्रेता के खाता में निर्धारित हिस्से से अधिक नहीं है

54. हिमाचल प्रदेश भू–अभिलेख नियमावली के उपबन्धों की प्रयोज्यता.–किसी व्यक्ति द्वारा अर्जित अधिकारों को अंतिम रूप देने की विस्तृत प्रक्रिया के प्रयोजनार्थ, राजस्व अधिकारी हिमाचल प्रदेश भू–अभिलेख नियमावली के संबंधित उपबन्धों द्वारा निर्देशित होंगे, जो अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों के अतिरिक्त होंगे, न कि उनके प्रतिकूल।

55. सीमाओं को परिभाषित करने की प्रक्रिया.–(1) राजस्व अधिकारी इन नियमों में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार सीमाओं को परिभाषित करने के लिए प्राप्त प्रत्येक आवेदन का मामला रजिस्ट्रीकृत करेगा।

(2) राजस्व अधिकारी सीमाओं को निर्धारित करने की विस्तृत प्रक्रिया के लिए हिमाचल प्रदेश भूमि अभिलेख नियमावली के संबंधित उपबन्धों का पालन करेगा, जो कि अधिनियम एवं उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के उपबन्धों के अतिरिक्त होंगे, न कि उनके प्रतिकूल।

(3) राजस्व अधिकारी, किसी व्यक्ति द्वारा बिक्री, दान, वसीयत, पट्टा, बंधक, डिक्री या किसी अन्य तरीके से अर्जित भूमि के मामले को छोड़कर, भूमि की सीमाओं को परिभाषित नहीं करेगा जो पिछले दस वर्षों की अवधि के दौरान पहले परिभाषित की गई थीं, जब तक कि निर्णायक राजस्व अधिकारी का आदेश निदेशकों या अपीलीय प्राधिकारी द्वारा रद्द नहीं कर दिया जाता है या इस संबंध में सक्षम न्यायालय या सरकारी प्राधिकारी से आदेश प्राप्त नहीं हो जाते हैं।

56. संपदा की सीमा पर कोणों पर लगाए जाने वाले चिह्न.–दो संपदाओं के बीच की सीमा पर प्रत्येक कोण पर और सीमा रेखा पर ऐसे अन्य स्थानों पर, जहां किसी संपदा की सीमा का सुविधाजनक निर्धारण आवश्यक हो, मिट्टी या पत्थर के स्तंभ लगाए जांएगे, जिनकी ऊंचाई तीन फीट से कम हो।

57. त्रिसंधि स्तंभ.–प्रत्येक बिंदु पर जहां दो से अधिक सम्पदाओं की सीमांए मिलती हैं, निम्नलिखित विनिर्देशों के अनुसार एक त्रिसंधि स्तंभ स्थापित किया जाएगाः–

सामग्री–पत्थर का एक खंड या पत्थर या पकी हुई ईंटों की चिनाई, चूने के गारे के साथ; यदि चिनाई हो, तो ऊपरी सतह को पक्का चूना प्लास्टर से प्लास्टर किया जाएगा।

आकार– यदि पत्थर का खंड है, तो लंबाई और चौड़ाई कम से कम 18 इंच और गहराई कम से कम 3 फीट होनी चाहिए। यदि चिनाई घनाकार है, तो घनाकार का प्रत्येक किनारा कम से कम तीन फीट लंबा होना चाहिए।

स्थिति–स्तंभ का सबसे निचला भाग समतल सतह पर सटीक रूप से स्थापित होना चाहिए तथा स्तंभ का केवल आधा भाग ही जमीन से ऊपर होना चाहिए।

58. विभाजन की प्रक्रिया.––(1) विभाजन के लिए प्रत्येक आवेदन को मूल आवेदन माना जाएगा और इन नियमों के अनुसार एक मामले के रूप में रजिस्ट्रीकृत किया जाएगा।

(2) राजस्व अधिकारी भागीदारी की कार्यवाही करने के लिए हिमाचल प्रदेश भू–अभिलेख नियमावली में विनिर्दिष्ट दिशानिर्देशों का पालन करेगा, जो अधिनियम या तद्धीन बनाए गए नियमों के अतिरिक्त होंगे, न कि उनके प्रतिकूल।

भाग–IX
सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाना

59. अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया.––(1) सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को दर्शाने वाला प्रत्येक आवेदन, रिपोर्ट, शिकायत या पत्र इन नियमों के अंतर्गत मामला दर्ज करने के लिए मूल आवेदन माना जाएगा।

(2) राजस्व अधिकारी स्वतः संज्ञान लेकर भी अतिक्रमणकारी के विरुद्ध सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का मामला दर्ज कर सकेगा।

(3) राजस्व अधिकारी सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का पता लगाने और उसे हटाने के लिए हिमाचल प्रदेश भूमि अभिलेख नियमावली में विनिर्दिष्ट दिशानिर्देशों का पालन करेगा।

60. बेदखली और कब्जा देने के आदेश को लागू करने की प्रक्रिया.––(1) राजस्व अधिकारी किसी व्यक्ति को सरकारी भूमि पर अनधिकृत कब्जे से नोटिस देने के पश्चात् बेदखल करेगा, जिसके विरुद्ध उसने स्वयं या किसी अन्य सक्षम न्यायालय ने ऐसी भूमि से बेदखली का आदेश पारित किया हो।

(2) यदि अनधिकृत अधिभोगी नोटिस में निर्दिष्ट समयावधि के भीतर कब्जा नहीं छोड़ता है, तो राजस्व अधिकारी बल प्रयोग द्वारा उस व्यक्ति को बेदखल कर सकेगा।

(3) राजस्व अधिकारी, अनधिकृत अधिभोगी को सरकारी भूमि से बेदखल करने के पश्चात्, उस एजेंसी या विभाग को कब्जा सौंप देगा जो सरकार की ओर से भूमि का संरक्षक है।

